संक्षिप्त

डाकघरों में डिजिटल भुगतान की सुविधा

उदयपुर, (कासं)। डाक विभाग, उदयपुर मण्डल द्वारा नागरिकों को सुविधाजनक, सुरक्षित एवं कैशलेस सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु सभी डाकघरों में डिजिटल भुगतान सुविधाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है। इस क्रम में डाकघरों के काउंटरों पर एपीटी 2.0 आधारित क्यूआर कोड भुगतान सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से ग्राहक किसी भी यूपीआई सक्षम मोबाइल एप्लिकेशन द्वारा आसानी से भुगतान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, डाकघरों के काउंटरों पर एसबीआई पॉइंट ऑफ सेल (एसबीआई पीओएस) मशीनें भी स्थापित की गई हैं, जिससे डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। डाक मण्डल के प्रवर अधीक्षक ने बताया कि अब नागरिक डाकघरों में विभिन्न डाक वस्तुओं की बुकिंग हेतु डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकते हैं, जिससे नकद लेन-देन की आवश्यकता नहीं रहेगी।

जनजातीय किसानों के उत्थान पर जोर

उदयपुर, (कासं)। कृषि विभाग, उद्यान विभाग, मृदा परीक्षण प्रयोगशाला एवं गुण नियंत्रण प्रयोगशाला की संयुक्त बैठक उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत की अध्यक्षता में संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार), कार्यालय में हुई। बैठक में जनजातीय क्षेत्रदेवास-झाड़ोल एवं आसपास के गांवों से खेती छोड़कर पलायन कर रहे किसानों की समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। किसानों को कृषि एवं उद्यान विभाग से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि तथा खेती के माध्यम से जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु विभिन्न सुझाव लिए गए। डॉ. रावत ने मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करते हुए मृदा नमूनों के संग्रहण एवं परीक्षण रिपोर्ट तैयार करने की तकनीक का अवलोकन किया। साथ ही एग्री क्लीनिक कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक सुधीर कुमार वर्मा, अन्य अधिकारीगण एवं किसान संघ से नारायण सिंह चन्दाना उपस्थित रहे। बैठक में जनजातीय क्षेत्र के किसानों के प्रशिक्षण हेतु प्राकृतिक खेती एवं जैविक खेती के लिए क्षेत्रीय केंद्र खोलने का प्रस्ताव भी रखा गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह प्रारंभ

डूंगरपुर। जय सडक सुरक्षा प्रकोष्ठ, परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह,1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक मनाया जा रहा हैं। जिसकी थीम सीख से सुरक्षा,टेक्नोलॉजी से परिवर्तन रखी गयी हैं। इस माह के समस्त कार्यक्रमो का क्रियांवयन जिला सडक सुरक्षा समिति द्वारा किया जायेगा। जिला सडक सुरक्षा समिति में विभिन्न विभाग यथा जिला प्रशासन,डूंगरपुर, जिला परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग, जिला यातायात पुलिस,चिकित्सा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकाय विभाग, नगर परिषद आदि सम्मिलित हैं। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने बताया कि राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह के तहत जिला स्तर पर प्रतिदिन जिला सडक सुरक्षा समिति द्वारा सडक सुरक्षा गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

अलाव तापते समय महिला झुलसी

डूंगरपुर। डूंगरपुर जिले के मेवाडा वीरपुर धनेला फला गांव में अलाव तापने के दौरान एक महिला के कपडों में आग लगने से वह झुलस गई। घटना के बाद परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए महिला को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बर्न वार्ड में भर्ती किया गया। फिलहाल महिला का उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेवाडा वीरपुर धनेला फला गांव निवासी सुमित्रा पत्नी अंबालाल निनामा घर के अंदर चूल्हे में आग जलाकर अलाव ताप रही थी। इसी दौरान अचानक उसकी साडी ने आग पकड ली। देखते ही देखते आग फैल गई।

खोया-पाया

हर आम खास को सूचित किया जाता है कि नगर नाथद्वारा में आशीर्वाद कॉम्पलेक्स, ए-विंग जिसके फ्लेट संख्या 304 स्थित है, उक्त फ्लेट श्री रामचन्द्र श्रीमाली पुत्र शेष नारायण श्रीमाली आयु 32 वर्ष निवासी ब्रह्मपुरी, बागोल हाल निवासी फ्लेट संख्या 304, ए-विंग, आशीर्वाद कॉम्पलेक्स, नाथद्वारा के द्वारा क्रय किया गया है। उक्त फ्लेट की रजिस्ट्री जो कि इसके पूर्वाधिकारियों के नाम से थी जिनका नाम श्रीमती पिस्तादेवी पत्नी मांगीलालजी एवं श्रीमती सलुबाई पत्नी नाथूलालजी ने विक्रय विलेख दिनांक 27.11.1990 क्रम संख्या 1012 का पंजीकृत दस्तावेज मेरे से कहीं गुम हो गया है। उक्त फ्लेट के दस्तावेज के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को कोई जानकारी प्राप्त होवे या मिले तो कृपया सुचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जायेगा।

रामचन्द्र श्रीमाली नि. ब्रह्मपुरी, बागोल हाल निवासी फ्लेट संख्या 304, ए-विंग, आशीर्वाद कॉम्पलेक्स, नाथद्वारा

भूपाल नोबल्स संस्थान का स्थापना दिवस आज, राजनाथ सिंह करेंगे शिरकत

- संस्थान को उंचाईयों पर पहुंचाने वाले 9 विभूतियों को करेंगे सम्मानित
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर में, फतह आर्ट गैलेरी का करेंगे लोकार्पण

उदयपुर, (कासं)। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर उदयपुर पहुंचेगे। सिंह विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान के 104 वें स्थापना दिवस पर महाराणा प्रताप खेल मैदान पर आयोजित समारोह में शिरकत करेंगे।

कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने बताया कि प्रोटोकोल के अनुसार तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। समारोह स्थल पर केन्द्रीय एवं उदयपुर शहर के प्रशासनिक अधिकारियों को जमावड़ा रहा। रक्षामंत्री प्रातः 10 बजे राजकीय विमान से नई दिल्ली से रवाना होकर 11.10 बजे महाराणा प्रताप एयरपोर्ट उदयपुर पहुंचेगे जहॉ संस्थान के अधिकृतियों द्वारा स्वागत किया जायेगा। एयरपोर्ट से सीधे 11.30 बजे भूपाल नोबल्स संस्थान के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर पहुंचेगे। सबसे पहले संस्थान परिसर में लगी महाराणा भूपाल सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करने के बाद एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। सिंह दोपहर 02 बजे पुनः समारोह स्थल से एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जायेंगे। मंच के सामने 50 फीट का डी घेरा बनाया गया है।

समारोह की अध्यक्षता प्रधान संरक्षक एवं अध्यक्ष श्रीजी हुजूर महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ करेंगे। समारोह में महाराणी साहिबा श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ उपस्थित रहेगी।

केन्द्रीय व प्रशासनिक अधिकरियों ने तैयारियों का जायजा लिया।

विशिष्ठ अतिथि राजसमंद सांसद महिमा कुमारी मेवाड़, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, चितौडगढ़ सांसद सी.पी. जोशी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, समाजसेवी अनिल सिंह होंगे। अतिथियों का मेवाडी परम्परा के अनुसार भव्य स्वागत किया जायेगा।

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि गुरूवार को एनएसजी कमांडो, केन्द्रीय एवं शहर के प्रशासनिक अधिकारियों ने चिकित्सा, फायर ब्रिगेट सहित 30 गाड़ियो के काफिले के साथ एयरपोर्ट से समारोह स्थल तक कॉरगेट काफिले के साथ अभ्यास कर तकनीकी खामियों को दूर करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं सम्मानित अतिथियों द्वारा प्रशासनिक भवन में बनी फतह आर्ट गैलेरी का लोकार्पण करेंगे। संस्थान को उंचाईयों पर पहुंचाने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले एवं खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जायेगा। प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि समारोह से पूर्व प्रातः 08 बजे देश में अमन शांति के लिए हवन पुजन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे।

संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा ने बताया कि समारोह में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी, अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेगे। सभी को मेटल डिडेक्टर से जांच के बाद ही समारोह स्थल में प्रवेश दिया जायेगा। सुरक्षा की दृष्टि से समारोह में आमजन का प्रवेश सेवाश्रम स्थित इनडोर स्टेडियम से व बीएन संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मुख्य मार्ग से होगा। अपने वाहन भी वही पार्क कर सकेंगे।

वित्त मंत्री शक्ति सिंह कारोही, रजिस्ट्रार डॉ. एनएन सिंह, डॉ. चेतन सिंह, प्रो. रेणु राठौड़, डॉ. युवराज सिंह राठौड, कुलदीप सिंह ताल, महेन्द्र सिंह पाटिया, करण सिंह उमरी, हनुमंत सिंह बोहेडा, प्रो. माधवी राठौड, ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया।

अम्बेडकर मेमोरियल वेल्फेयर सोसाइटी के चुनाव 4 को

डूंगरपुर। डॉ.अम्बेडकर मेमोरियल वेल्फेयर सोसाइटी राजस्थान के प्रदेश स्तरीय अध्यक्ष,वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष पदों हेतु चुनाव 4 जनवरी को प्रातः 9 बजे से साय 5 बजे तक मतदान होगा। मतदान केन्द्र डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास गोकुलपुरा में सम्पादित करायें जायेंगे।

ज्ञात रहे कि पूर्व में जारी मतदान कार्मिकों के आदेश निरस्त कर निम्न मतदान कार्मिकों की नियुक्ति की गई है। जिसमे पीठासीन अधिकारी लक्ष्मण यादव, मतदान अधिकारी प्रथम दिनेश यादव, मतदान अधिकारी द्वितीय लालशंकर यादव, मतदान अधिकारी तृतीय विजय यादव,आरक्षित मतदान अधिकारी रामलाल बलाई, नारायणलाल यादव, रमेशचंद्र यादव, मोहनलाल यादव एवं अम्बेडकर मेमोरियल वेल्फेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मगन यादव चिबुडा ने बताया कि सम्पूर्ण जिले के सभी मतदाताओं की सूची जारी कर दी गई है इस संबंध मे जिलाध्यक्ष मगन यादव एवं कालूराम यादव जयपुर से मतपत्र एवं दान की पेटी लेकर डूंगरपुर आ रहे है। चुनाव संबंधी अधिक से अधिक जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु गुरूवार को चर्चा की गई जिसमें नटवर यादव,लक्ष्मण यादव, पूर्व अध्यक्ष गोवर्धन यादव,अजाक के जिला अध्यक्ष मोहनलाल यादव को चुनाव शांति पूर्वक कराने के लिए नियुक्त किया है।

लेकसिटी में देर रात तक मना 'न्यू ईयर सेलिब्रेशन'

उदयपुर, (कासं)। लेकसिटी में न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर आयोजित हुई पार्टियां देर रात तक चलती रही। शहर के होटलों, रिसोर्ट्स में डीजे की धुनों पर देर रात तक शहरवासी व पर्यटक नाचते हुए नए साल का स्वागत करते दिखाई दिए। होटलों में रात 12 बजते ही नए साल के स्वागत में आतिशबाजी की गई वहीं शहर के पर्यटन स्थलों रानी रोड़, फतहसागर पाल, गणगौर घाट पर भी शहरवासी व पर्यटकों की भीड़ ने नए साल का जश्न मनाया। थीम बेस्ट पार्टियों में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों ने मेहमानों को आकर्षित किया।

उदयपुर शहर में देश-दुनिया से पहुंचे हजारों पर्यटकों की मौजूदगी में न्यू ईयर का जश्न मनाया गया। न्यू ईयर ईव को लेकर शहर के होटल-रिसोर्ट्स व वाटिकाओं में मेगा इवेंट्स हुए। इन इवेंटस में डीजे की धमाकेदार प्रस्तुतियों ने जोश भर दिया। युवा अपने मित्रों के साथ देर रात तक संगीत धुनों पर थिरकते रहे। शहर के पांच सितारों होटलों, रिसोर्ट्स व ओल्ड सिटी में स्थित हेरिटेज होटलों व रूफटॉप रेस्टोरेंट्स में नए साल के जश्न का खास रंग देखने को मिला। रमाड़ा रिसोर्ट्स में हुई 'हैलोवीन थीम' पर पार्टी में आए कलाकारों ने भूतियां व प्रेतात्माओं से जुड़ी प्रस्तुति दी तो जश्न मनाने आए मेहमान आश्चर्यचकित रह गए। डोली तलदार ने बताया कि इस दौरान मेहमानों को अलग-अलग तरह के व्यंजन भी परोसे गए वहीं रात 12 बजते ही आसमान में रंग-बिरंगी रोशनी की आतिशबाजी दिखाई दी। कई होटलों में रात 12 बजे से 10 सेकंड पहले ब्लैकआउट कर काउंटडाउन के साथ नए साल का स्वागत किया गया।

सार-समाचार

50 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण

कपासन, (निसं)। कपासन में नए वर्ष की शुरुआत गौ सेवा और सामाजिक विकास के संकल्प के साथ हुई। नगर पालिका द्वारा स्थानीय श्री जेलेश्वर गौशाला में कराए गए लगभग 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण को विधायक अर्जुनलाल जीनगर और नगर पालिका अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने संयुक्त रूप से किया। यह कार्यक्रम नए साल के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया।गौ माता की पूजा कर कार्यक्रम हुआ शुरू लोकार्पण कार्यक्रम की शुरुआत विधायक जीनगर और अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने गौ माता की पूजा-अर्चना के साथ की। अतिथियों ने गायों को हरी घास और गुड़ खिलाकर नए साल के संकल्प के रूप में गौ सेवा का संदेश दिया। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी गायों को घास खिलाकर सेवा में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान गौशाला में सेवा दे रहे लोगों का सम्मान भी किया गयाकार्यक्रम में बोलते हुए विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की गौ सेवा नीति को पूरा करना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और गौ माता की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका द्वारा किए गए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद भी दिया। गौशाला संचालक मंडल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भविष्य में गौशाला के लिए एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की मांग रखी। मंडल के सदस्य घनश्याम विजयवर्गीय, देवदत्त छीनीवाल, शिवशंकर उपाध्याय, दीपक राठौड़, मांगीबाई भील, लक्ष्मण और अनिल बारेगामा सहित अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय, जीएसएस अध्यक्ष नंद किशोर टेलर,विकास बारेगामा, शम्भू बागड़ा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रानी सिरोया, संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे।

झांसा देकर लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर,(कासं)। शहर के गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने जमीन से सोना निकालने का झांसा देकर पीडित से लाखों रूपये वसूल कर मकान बनाने वाले के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अवैध आय से बनाया मकान कुर्क किया। प्रकरण के अनुसार 18 जुलाई को पीडित सत्यनारायण पुत्र नानूराम सुथार निवासी पोंटला सुथारों का चौक सहाड़ा भीलवाड़ा ने गोवर्धन विलास पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जनवरी 24 में कार लेकर मित्र राहुल सालवी के साथ शहर भ्रमण के लिए आया था। बलीचाअहमदाबाद बाईपास पर इन्द्रदास वैष्णव नाम का एक आदमी मिला था। जिसे पीतिडत को बताया कि उसके पास जमीन में गढा हुआ सोना बताने की शक्तियां है। मैं तुम्हारी जमीन से सोने से भरा हुआ गडा निकाल सकता हूं। जिसके लिए पूजा करनी होगी। सोना बताने के लिए एक आदमी से ढाई लाख रूपये लेना बताया। इस पर विश्वास करने पर पीडित ने आरोपी इन्द्रदास के कहे अनुसार कमरे में जाजम बिछा कर घी का दीपक, सिगरेट लगा कर, इत्र का रख कर अगरबस्ती से पूजा करनी है। काफी महीनों तक इन्द्रदास वैष्णव व प्राथी व उसके दोस्त को पूजा करवाता रहा तथा टुकडों टुकडों में 60 लाख रूपये 30.50 ठाम सोना हडप लिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक गोपाल चंदेल के सुपरविजन में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए इन्द्रदास वैष्णव पुत्र गणेशदास वैष्णव निवासी नाहरमगरा डबोक द्वारा पीडित से धोखे से अर्जित आय से बनाये मकान को कुर्क कराया।

बार एसोसिएशन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल

उदयपुर,(कासं)। बार एसोसिएशन उदयपुर के वार्षिक चुनाव 12 दिसंबर को संपन्न हुए थे जिसमें अध्यक्ष पद पर जितेंद्र जैन उपाध्यक्ष महेन्द्र मेनारिया, महासचिव लोकेश गुर्जर, सचिव आशिष कुमार कोठारी, सचिव धर्मेंद्र सोनी, पुस्तकालय सचिव विनोद औदिच्य चुन गए। नवनिर्वाचित महासचिव लोकेश गुर्जर ने बताया कि 3 जनवरी को बार एसोसिएशन की निवर्तमान कार्यकारिणी अध्यक्ष चंद्रभान सिंह शक्तावत, नव नियुक्त अध्यक्ष जितेन्द्र जैन को शपथ दिलवाएंगे।

शिल्पग्राम उत्सवः दस दिनों में 1 लाख 88 हजार से अधिक टिकट बिके

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर के हवाला गांव स्थित शिल्पग्राम में लगने वाले शिल्प एवं कला के अदभुत संगम के शिल्पग्राम महोत्सव में एक नया रिकॉर्ड कायम हुआ है। दस दिनों में शिल्पग्राम महोत्सव में 1 लाखा 88 हजार से अधिक टिकट बिके है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शिल्पग्राम उत्सव-2025 ने कई मायनों में अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसबार जहां टिकट बिक्री के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए, वहीं क्राफ्ट बिक्री ने भी नया रिकॉर्ड बनाया है। 31 दिसंबर को संपन्न हुए दस दिवसीय इस उत्सव में 1 लाख 88 हजार से अधिक टिकट, तो क्राफ्ट की भी 635 लाख से अधिक की बिक्री हुई।

फुरकान खान ने बताया कि वर्ष 2014 में जब उन्होंने पहली बार निदेशक का पद संभाला था तब शिल्पग्राम उत्सव सामने था और 2013 की टिकट बिक्री तकरीबन 930000 थी। तब सोचा था कि इसे एक दिन जरूर दुगना करना है। पहले वर्ष ही अर्थात 2014 के शिल्पग्राम उत्सव में 30 प्रतिशत वृद्धि के साथ टिकट बिक्री 1,25000 से कुछ अधिक रही। फिर, धीरे धीरे वृद्धि होते हुए शिल्पग्राम 2018 में लगभग 1,48,000 हो गई। हालांकि, 93000 से 1लाख 48 हजार तो हुई, लेकिन दुगनी करने का संकल्प बाकी था। वर्ष 2024 और 2025 में पुनः अवसर मिला, तो यह सपना साकार हुआ। दरअसल, शिल्पग्राम उत्सव-2025 में टिकट बिक्री 1,88,735 हो गई। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि शिल्प और कला के इस संगम के लिए वे और भी प्रयासरत है

कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

डूंगरपुर। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान डूंगरपुर की ओर से राजीविका द्वारा प्रायोजित 14 दिवसीय कृषि उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे इन्हें जैविक खेती उत्पादन में गुणवत्तापूर्ण बीजों की भूमिका का महत्व और अपनाई जाने वाली पद्धतियाँ के बारे में बताया गया मूल्यांकन के लिए आये हुए राज कुमार वडलीया व सत्यवीरसिंह के द्वारा किया।

बैठक 9 को

डूंगरपुर। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाऐं यथा- महात्मा गांधी नरेगा योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, सांसद, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना महात्मा गांधी जनभागीदारी विकास योजना समीक्षात्मक बैठक 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

लखवीरसिंह लक्खा के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

- वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज से हजारों श्रद्धालुओं ने ली गुरू दीक्षी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के इतिहास में पहलीबार एक साथ हजारों की तादाद में एकत्रित श्रद्धालुओं ने सनातनी संस्कारों, धर्म की गहन आस्था के साथ नए वर्ष का स्वागत धूमधाम से किया। यह दृश्य मीरा नगर के विशाल प्रांगण में कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज के पावन सानिध्य में चल रहे श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन यज्ञ पूजा साधना महामहोत्सव में 31 दिसंबर की रात्रि देखने को मिला।

महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि दैनिक साधना और महालक्ष्मी यज्ञ के पश्चात जगद्गुरु श्री वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज के श्रीमुख से कही जा रही एकलिंगजी शिव पुराण कथा में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। गुरुदेव ने कथा के आरंभ में मृदंडी ऋषी पुत्र के जीवन के अंतिम सोलहवें वर्ष का वृतांत विस्तारपूर्वक सुनाया। विभिन्न पौराणिक पात्रों के जीवन चरित्र और भूमिका का विस्तार से वर्णन किया। गुरुदेव ने बताया सात समंदर सहित सृष्टि की परिक्रमा के बराबर पूण्य केवल भगवान एकलिंगनाथ जी की परिक्रमा से मिल जाता है। पुराणों में उल्लेखित समस्त देवी देवताओं की उपस्थिति भगवान एकलिंगनाथ जी के इर्दगिर्द रहती है। क्योंकि देवताओं को पाषाण स्वरूप में भगवान एकलिंगनाथ जी के चारों ओर विद्यमान हैं। यही कारण है कि वर्तमान राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर विश्व ज्योति भगवान एकलिंगजी के साथ समस्त देवी देवताओं के मंदिर स्थित हैं। जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज ने पांडाल में उपस्थित जनसमुदाय को शिव कृपा डोरा 27 बार पवित्र मंत्रोच्चार कर तैयार करवाया। यह सर्वसिद्धि और सभी प्रकार के कष्टों का निवारक है। इसके साथ ही हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रोच्चार के साथ गुरुदेव ने गुरू दीक्षा दी। इस अवसर पर पांडाल मां पद्मावती और जगदगुदेव के जयकारों से गूंज उठा।

जगद्गुरु पूज्यपाद श्री वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज से आशीर्वाद लेकर प्रसिद्ध भजन गायक लखबीरसिंह लक्खा द्वारा इस धर्म ममहोत्सव में सुमधुर स्वर लहरियां गुंजाई गई। उनके हर भजन पर श्रद्धालु खुद को थिरकने से रोक न सके। लखवीरसिंह ने प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी भजन से सिलसिला आरंभ किया जो रात के तीसरे प्रहर तक चलता रहा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने भजनों का जमकर आनंद लिया। लखवीरसिंह लक्खा ने लाल लाल चुनरी, मैया का चोला, कीजो केसरी के लाल और खाटू श्याम की आराधना के भजन सहित एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से समा बांध दिया।